# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 12.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

**1.** **स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर देश मना रहा राष्ट्रीय युवा दिवस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नयी दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलाग–2026 के समापन सत्र में होंगे शामिल।**

**2.** **केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम आज आयेंगे रांची, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक, फीडबैक के आधार पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का करेंगे चुनाव।**

**3.** **धनबाद के महुदा इलाके में भू–धंसान में कई घर हुए जमींदोज, प्रभावित परिवारों ने जिला प्रशासन से कोयले के अवैध खनन पर रोक लगाने और मुआवजे की मांग की।**

**4.** **राज्यभर में कड़ाके की ठंड जारी, मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया अनुमान, रांची में 14 जनवरी तक कक्षा छह तक स्कूल बंद।**

***5.*** **रांची में खेले गये हीरो हॉकी इंडिया लीग के पुरूष वर्ग में रांची रॉयल्स ने श्राची बंगाल टाईगर्स को चार–एक से किया पराजित।**

**********************

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आज देश राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलांग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत भी करेंगे। चुने गए प्रतिभागी प्रधानमंत्री के सामने राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के दृष्टिकोण और क्रियान्वयन योग्य विचार साझा करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस **विकसित भारत–2027 : युवाओं की भूमिका** थीम पर केंद्रित है। पेश है

इधर रांची समेत राज्यभर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**********************

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम आज झारखंड आएंगे। वे नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के साथ परामर्श करेंगे और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। उनकी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाने के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा होने की संभावना है। गौरतलब है कि जुएल ओराम को झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चयन के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में कल दिशोम गुरु कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती पर उनके संघर्ष, त्याग और जनसेवा के योगदान को नमन करते हुए कहा कि यह पुस्तक उनके जीवन और विचारों का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से राज्य की जनता गुरुजी के प्रेरणादायी जीवन से जुड़ सकेगी।

**********************

सुशासन और योजनाओं के समय से क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– **प्रगति** ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। **प्रगति तंत्र** के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है– स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के एम्स–नागपुर की स्थापना पर एक रिपोर्ट।

**********************

राजधानी रांची से लापता दो मासूम भाई–बहन को खोजने के लिए **झारखंड सीआईडी** ने देशभर की पुलिस से मदद मांगी है। सीआईडी, रांची के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने सभी राज्यों के डीजीपी, पुलिस आयुक्त और आईजी को **ह्यू एंड क्राई नोटिस** भेजा है। यह पुलिस द्वारा जारी एक सार्वजनिक सूचना है जिसमें किसी वांछित अपराधी या गुमशुदा व्यक्ति के बारे में जानकारी मांगी जाती है, ताकि जनता की मदद से उसे पकड़ा जा सके।

**********************

धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड के महुदा क्षेत्र में कल भू–धंसान हुआ जिससे कई घर जमींदोज हो गए। इस घटना से प्रभावित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से इस इलाके में कोयले का अवैध खनन हो रहा है लेकिन शिकायत के बावजूद इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध खनन पर रोक लगाने और प्रभावित परिवारों को इसका मुआवजा देने की मांग की है।

**************************

बोकारो शहर के सिटी सेंटर स्थित एक ज्वेलरी शोरूम में कल पुलिस की वर्दी में आए अपराधियों ने लूटपाट का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक आदित्य रंजन ने बताया कि कर्मियों की सूझबूझ से सिक्योरिटी अलार्म बजा दिया गया, जिससे घबराकर अपराधी मौके से फरार हो गए।

**************************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। इधर, रांची में ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने नर्सरी से कक्षा छह तक स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया है। वहीं सातवीं से 12वीं तक सुबह 10 बजे से कक्षाएं संचालित होंगी।

**************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हीरो हॉकी इंडिया लीग के पुरूष वर्ग का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से झारखंड में हॉकी को नयी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार और विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इधर कल खेले गये पहले मुकाबले में रांची रॉयल्स ने श्राची बंगाल टाईगर्स को चार–एक से पराजित कर दिया।

**************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरन के संवाद से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा.....**प्रभात खबर ने** झारखंड भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का कल होने वाले चुनाव की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

वहीं **हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– ठंड को देखते हुए रांची जिले के स्कूलों में 14 तक बंद।

**दैनिक भास्कर ने** दो संस्थानों में फुलटाइम प्रिंसिपल एक ही व्यक्ति के होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

**दैनिक जागरण लिखता है**– हथियार तस्करों के पास ग्राहक बनकर पहुंचे डीएसपी, पांच को किया गिरफ्तार।

***********समाप्त***************